आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने कहा उज्जैन में बनेगा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, हिन्दी में होगी यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई।
- राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए दूसरे चरण का सर्वे हुआ प्रारंभ।
- केन्द्र सरकार गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लायेगी।
- प्रदेश में आज से गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन शुरू, 31 मार्च तक चलेगी प्रक्रिया।

अब समाचार विस्तार से:–

**आयुर्वेद पर्व**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आयुर्वेद के माध्यम से ही सौ वर्ष जीने के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री आज भोपाल के पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित 21वें आयुर्वेद पर्व-2025 में राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन-सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक कॉलेज आरंभ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयुष से संबंधित क्लीनिक और नर्सिंग होम पंजीयन का कार्य आयुष विभाग को सौंपा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के समान आयुष में भी सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाएगी। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान उज्जैन में आरंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आरोग्य पर्व पर प्रकाशित सोवेनियर का विमोचन भी किया। साथ ही आयुर्वेद क्षेत्र के कर्मठ और निष्णात वैद्यों को सम्मानित किया और मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित व्याख्याताओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई को भी हिंदी में करने को कहा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के दूसरे चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की

कार्यवाही की जा रही है। केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए सर्वे प्रारंभ किया है। ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा यह सर्वे किया जायेगा। आवास प्लस एप-2024 से यह सर्वे होगा इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है।

कृषि मंत्री

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कृषि मुद्दों पर समीक्षा बैठक की। बैठक में रबी की बुआई की प्रगति, मौसम की स्थिति, राष्ट्रीय कीट सर्वेक्षण प्रणाली के माध्यम से कीट सर्वेक्षण, कृषि उत्पादों के आयात और निर्यात सहित विपणन से संबंधित कई मुद्दे पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 17 जनवरी तक कुल बोया गया क्षेत्र 640 लाख हेक्टेयर है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.51 लाख हेक्टेयर अधिक है। समग्र फसल कवरेज और फसल की स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। बैठक में बताया गया कि गेहूं , सरसों, सोयाबीन की मंडी कीमतें सप्ताह-दर-सप्ताह बढ़ी हैं। फिलहाल बाजार में गेहूं, चावल, चना, सरसों और तिल की कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा मिल रही है।

**उत्तराखंड-यूसीसी**

उत्तराखंड में मंत्रिमंडल ने समान नागरिक संहिता- यूसीसी नियमावली को मंजूरी दे दी है, जिससे राज्य में इसके क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी का लागू होना देश के बाकी राज्यों के लिए प्रेरणा स्रोत होगा।

समान नागरिक संहिता यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि सभी नागरिकों पर व्यक्तिगत संबंधों के मामलों में समान कानून लागू हो।

**मांडविया- सेमिनार**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज कहा कि श्रम बोर्ड जल्द ही गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाएगा। वह आज नई दिल्ली में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवरेज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। डॉ. मांडविया ने बताया कि सरकार की स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं के अतंर्गत 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है और पांच किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा ने बताया कि सेमिनार में भारत के 60 करोड कार्यबल को सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत लाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

**गेहूँ उपार्जन**

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया आज से शुरु हो गई है। पंजीयन 31 मार्च तक जारी रहेगा। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसान मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से पंजीयन कर सकेंगे। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एम.पी. किसान एप पर भी की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये अधिकतम शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है। इस बीच गुना

आज अपर कलेक्टर अखिलेश जैन की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक रखी गई। बैठक में गत वर्ष की भांति पंजीयन केन्द्र बनाये जाने के लिये प्रस्ताव रखे गये है।

**महाकुम्भ में अलाव**

महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को ठंड से बचाने के लिए सरकार ने अलाव के लिए लकड़ी की व्यस्था को ऑनलाइन कर दिया है। अब सभी लकड़ी डिपो को गूगल लोकेशन के जरिए आसानी से ढूंढा जा सकता है। फायरवुड डिपो प्रयागराज टाइप करके इन डिपो का स्थान सर्च किया जा सकता है। डीएसएम प्रयागराज आरके चांदना ने बताया कि इसके लिए 16 डिपो स्थापित किए गए हैं। लकड़ी की कीमत 600 रुपये प्रति क्विंटल रहेगी। उत्तर प्रदेश वन निगम के अनुसार, महाकुम्भ के दौरान लगभग 27,000 क्विंटल लकड़ी की आपूर्ति की तैयारी है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न डिपो से लकड़ी भेजी जाएगी।

**रेलवे**

यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के भोपाल से उज्जैन के मध्य चलाई जा रही रेलगाड़ी उज्जैन- भोपाल- उज्जैन स्पेशल के फेरे विस्तारित किए है। उज्जैन - भोपाल स्पेशल ,उज्जैन से 31 जनवरी, तक और भोपाल - उज्जैन स्पेशल 01 फरवरी तक प्रतिदिन चलेगी।

**मौसम**

प्रदेश में अगले कुछ दिनों में सर्दी से राहत मिलने जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आज से कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में बढ़ौतरी देखी जा रही है। प्रदेश के ग्वालियर, सागर, भोपाल, इन्दौर, उज्जैन संभाग में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। सबसे कम न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस मंडला में दर्ज किया गया। वहीं भोपाल में न्यूनतम तापमान 9 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना सहित 13 जिलों

में कोहरे के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कल से तापमान में और बढ़ौतरी की संभावना जताई है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में...**

- मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आज शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ में लर्निंग लाइसेंस कैंप में लगभग 50 बालिकाओं के लर्निंग लाइसेंस जारी हुए।
- 22 जनवरी को "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं" योजना संचालन के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुना में 22 जनवरी से 08 मार्च तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।
- नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच परिसर के ऊपर के हवाई क्षेत्र को "नो ड्रोन जोन" घोषित करने का प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं।
- आनंद उत्सव के तहत आगरमालवा जिले के नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में आज ग्राम सेमलखेड़ी, ढ़ाबला आंजना सहित अन्य गांवों मे बुजुर्गों, युवाओं, बच्चों, महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- सीहोर जिले की जनपद पंचायत परिसर बुधनी में 22 एवं 23 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है ।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- मुख्यमंत्री ने कहा उज्जैन में बनेगा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, हिन्दी में होगी यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई।
- राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए दूसरे चरण का सर्वे हुआ प्रारंभ।
- केन्द्र सरकार गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लायेगी।
- प्रदेश में आज से गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन शुरू, 31 मार्च तक चलेगी प्रक्रिया।

....................